CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 148 ▫ रायपुर, रविवार 21 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### स्कॉर्पियो की टक्कर से पलटा अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर

## चालक की हुई दर्दनाक मौत, क्षेत्र में तनाव और शोक का माहौल

**रायपुर/आरंग।, 21 जून (हाईवे चैनल)।** प्रतिबंधित सीजन में भी महानदी का सीना चीरकर बेधड़क चल रहे अवैध रेत खनन के काले कारोबार ने एक और हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया है। करमंदी गांव में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर के बाद अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस भीषण हादसे में ट्रैक्टर चालक की गाड़ी के नीचे दबने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक ट्रैक्टर चालक की पहचान ग्राम भानसोज निवासी कन्हैया धीवर (24) के रूप में हुई है। वह ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत भरकर ले जा रहा था, तभी करमंदी मोड़ में एक स्कॉर्पियो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रेत से भरा ट्रैक्टर सड़क पर ही पलट गया और कन्हैया मलबे के नीचे दब गया, जब तक आसपास के लोग उसे बाहर निकालते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थीं। इस घटना के बाद से भानसोज और करमंदी क्षेत्र में तनाव और शोक का माहौल है।





**15 जून से प्रतिबंध, फिर भी 24 घंटे खोदा जा रहा 'पीला सोना':** बता दें कि एनजीटी के नियमों के मुताबिक, मानसून को देखते हुए 15 जून से पूरे प्रदेश के सभी रेतघाटों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू हो चुका है। इसके बावजूद आरंग क्षेत्र के ग्राम कुरूद, चिखली, मोहमेला, हरदीडीह और करमंदी में रेत माफिया सक्रिय हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और रसूखदारों के कथित संरक्षण में यहां दिन-रात 24 घंटे नदियों से अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है। रोजाना हजारों ट्रैक्टरों के जरिए इस 'पीले सोने' का अवैध परिवहन किया जा रहा है और इसे भंडारण कर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है।

**बेलगाम गाड़ियां, नाबालिग चालक और 'सिस्टम' की चुप्पी:** क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि रेत से भरे ये बेलगाम वाहन आए दिन सड़कों पर यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इससे कोई सबक नहीं ले रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन ट्रैक्टरों को चलाने वाले अधिकांश चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है।

## नीट-यूजी री-एग्जाम: करीब 23 लाख स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल, 564 शहरों में 5400 से ज्यादा केंद्र बनाए गए

**रायपुर, 21 जून (हाईवे चैनल)।** पेपर लीक के विवादों के बाद आज प्रदेश सहित देश के 564 शहरों में नीट यूजी 2026 की परीक्षा दोबारा आयोजित की गई है। इस ऐतिहासिक री-एग्जाम में देश और विदेश के केंद्रों को मिलाकर कुल 22.79 लाख से अधिक छात्र बैठे। यह परीक्षा सिर्फ स्टूडेंट्स की ही नहीं है बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से एनटीए की भी मानी जा रही है। इसे लेकर परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पेन-पेपर मोड में होने वाली परीक्षा के लिए देश और विदेश के कुल 564 शहरों में 5400 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. इनमें भारत के 551 और विदेश के 12 शहर शामिल हैं।



### योग दिवस पर कोलकाता के रेड रोड पर पीएम मोदी ने योग किया

## बोले-70 की उम्र में 50 जैसा दिखें, 40 साल की उम्र में 20 से ज्यादा लचीले हों

**नई दिल्ली, 21 जून (न्यूज चैनल)।** आज यानी 21 जून को पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोलकाता के रेड रोड पर पीएम मोदी ने योग किया। कोलकाता के ऐतिहासिक 'रेड रोड' पर आयोजित समारोह में पीएम मोदी ने 35 हजार लोगों के साथ ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन और त्रिकोणासन किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा संदेश देते हुए कहा कि योग बढ़ती उम्र में भी इंसान को जवान और सेहतमंद बनाए रखता है। पीएम मोदी ने कहा कि योग उम्र बढ़ने पर भी इंसान को स्वस्थ, ऊर्जावान और दुनिया को जोड़ने वाला बनाता है। उन्होंने फिटनेस का मंत्र देते हुए कहा कि हमारा टारगेट ऐसा होना चाहिए कि हम 40 साल की उम्र के मुकाबले 20 में ज्यादा फ्लेक्सिबल (लचीलापन) रहें। योग से 70 की उम्र में 50 जैसा दिखें और स्वास्थ्य रहें। योग कार्यक्रम के पहले अपने 15 मिनट की स्पीच में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि योग लोगों को उम्र बढ़ने के साथ भी युवा और स्वस्थ रहने में मदद करता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि योग का अभ्यास लगातार शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देता है। योग इंसानी जिंदगी को लगातार विकास की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित कर सकता है। कृष्ण ने योग को लेकर कहा है कि संतुलित आहार विहार से संतुलित क्रिया और कर्मों से संतुलिंत नींद और जाने से योग दुखों का नाश करने वाला हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरा देश और दुनिया एकजुट दिखी।



### योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 21 जून (हाईवे चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की सनातन ऋषि परंपरा का अमूल्य उपहार है, जिसने आज संपूर्ण विश्व को स्वस्थ, संतुलित और शांतिपूर्ण जीवन का मार्ग दिखाया है।



### अभनपुर में कांग्रेस का मंथन: जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे राहुल गांधी, देंगे मार्गदर्शन

**रायपुर, 21 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर शनिवार से अभनपुर में शुरू हो गया। शिविर में भाग लेने के लिए पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट तथा प्रभारी सचिव एस. सम्पत, जरिता लैतफलांग और विजय जांगिड़ रायपुर पहुंच चुके हैं। वहीं, प्रशिक्षण देने के लिए एआईसीसी के प्रशिक्षक सचिन राव भी अपनी टीम के साथ रायपुर पहुंच गए हैं। शिविर में शामिल होने के लिए प्रदेश के सभी जिला अध्यक्ष प्रशिक्षण स्थल पहुंच चुके हैं। कांग्रेस के इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रशिक्षण विभाग द्वारा किया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज 21 जून को दोपहर 2:15 बजे नियमित विमान से रायपुर पहुंचे। वे एयरपोर्ट से सीधे अभनपुर स्थित प्रशिक्षण स्थल गए और कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शाम 6:40 बजे नियमित विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।



### कोरिया कटगोड़ी तिहरे हत्याकांड में सभी 9 आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने निकाला पैदल जुलूस

**मनेंद्रगढ़, 21 जून (हाईवे चैनल)।** कोरिया जिले के चर्चित कोरिया कटगोड़ी तिहरे हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले में फरार चल रहे अंतिम आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही अब सभी 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस बीच शनिवार रात कोरिया पुलिस ने कड़ी कार्रवाई का संदेश देते हुए सभी आरोपियों का पटना थाना क्षेत्र में पैदल जुलूस निकाला।




CMYK